04 सुनीता देशमुख महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नियुक्त



07 रामगंज वार्ड सोहागपुर में विधायक ने किया सीसी...






## खबर संक्षेप

### शिविर में खराब मीटर की समस्या का निराकरण

**नर्मदापुरम।** जिले में विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संपर्क अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में इटारसी वितरण संभाग के अंतर्गत इटारसी शहर के वार्ड क्रमांक 34 स्थित मिलन गार्डन में आयोजित संपर्क शिविर में उपभोक्ता श्रीमती माया पाराशर ने अपने खराब विद्युत मीटर की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शिविर स्थल पर ही उनका खराब मीटर बदल दिया गया।

### पहल: किसानों के घर पहुंच रही खाद

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सहकारी समितियों के माध्यम से विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभिनव व्यवस्था के तहत एक ही गांव अथवा आसपास के गांवों के किसानों के ई-टोकन सामूहिक रूप से बुक कराकर ट्रैक्टर-ट्रॉली अथवा लोडिंग ऑटो के माध्यम से खाद सीधे उनके गांव एवं घर तक पहुंचाई जा रही है। जिसमें अभियान संचालित कर किसानों को लाभान्वित किया गया।

### रसीदों में हेर फेर करने की नपा उपाध्यक्ष ने पहले भी की थी शिकायत

# नपा के दो कर्मियों पर करोड़ों के गबन के आरोप, कोतवाली में मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हमेशा ही विवादों में रहने वाली नगर पालिका में एक बार फिर विवाद गहराया जब नपा के ही कर्मियों पर करोड़ों की राशि के हेर फेर का मामला दर्ज हुआ। दरअसल नर्मदापुरम नगर पालिका में 7.78 करोड़ रुपये के राजस्व गबन मामले में शुक्रवार देर रात कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने नगर पालिका के राजस्व विभाग के सहायक राजस्व निरीक्षक (एआरआई) हरीश गोस्वामी और कंप्यूटर ऑपरेटर भुवन मेहता के खिलाफ धोखाधड़ी और शासकीय राशि के गबन का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इससे पहले नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा ने मामले की शिकायत एक वर्ष पहले कर दी थी जिस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की।

शहर की नगर पालिका के दो कर्मियों पर करोड़ों की शासकीय राशि के गबन और धोखाधड़ी का मामला कोतवाली पुलिस ने दर्ज कर लिया है।




#### नपा उपाध्यक्ष ने की थी शिकायत

जानकारी के अनुसार, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा ने इस मामले की शिकायत करीब एक वर्ष पहले कोतवाली थाने में की थी। शिकायत के आधार पर शुक्रवार रात करीब 11:42 बजे दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया।

**मामले में...**

#### पैसे के लेने देने में हुआ करोड़ों का गबन

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि 1 अप्रैल 2019 से 23 अगस्त 2023 के बीच नगर पालिका में राजस्व वसूली के दौरान रसीदों में हेराफेरी की गई। आरोप है कि वसूली गई शासकीय राशि में करीब 7.78 करोड़ रुपये का गबन किया गया। हालांकि अब मामला पुलिस के पास है और पुलिस अब मामले की शुरूआत से जांच कर रही है।

#### विभागों में हुआ पत्राचार मांगी जानकारी

यह मामला विधानसभा में भी उठ चुका है। विधानसभा में प्रश्न उठने के बाद संबंधित विभागों के बीच पत्राचार हुआ और नर्मदापुरम पुलिस से कार्रवाई की जानकारी मांगी गई। इसके बाद पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की। इस संबंध में नपाध्यक्ष नीतू यादव से बात करनी चाही तो उनका मोबाईल बंद रहा। फिलहाल मामले में कार्रवाई जारी है।

#### दो कर्मियों पर मामला दर्ज हुआ

कोतवाली पुलिस ने एआरआई हरीश गोस्वामी और कंप्यूटर ऑपरेटर भुवन मेहता के खिलाफ धोखाधड़ी और शासकीय राशि के गबन सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच कर रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## युवक के साथ डंडे से मारपीट करने वाले अरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के एसपीएम पुलिया क्षेत्र में 1500 रुपए के विवाद में एक युवक को अर्धनग्न कर डंडों से बेरहमी से पीटने के मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को आरोपियों को कोतवाली थाने लाने के बाद वारदात में इस्तेमाल डंडा बरामद कराने के लिए ग्वालटोली क्षेत्र ले जाया गया। इसके बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। घायल युवक की पहचान शुभम खंडारे (25) निवासी एसपीएम पुलिया, ग्वालटोली के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, शुभम ने करीब एक साल पहले आरोपी रोहित बाबरिया और विजय रैकवार, निवासी ग्वालटोली, से 1500 रुपए उधार लिए थे। वह लंबे समय से भोपाल में रह रहा था और घटना से दो दिन पहले ही नर्मदापुरम लौटा था। 8 जुलाई की दोपहर करीब 3:30 बजे आरोपियों ने शुभम से उधार के रुपए वापस मांगे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया, जो मारपीट में बदल गया। आरोप है कि दोनों युवकों ने शुभम को अर्धनग्न कर डंडों से बेरहमी से पीटा और मौके से फरार हो गए।

घटना के बाद शुभम लहूलुहान हालत में सड़क पर पड़ा मिला। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी। इसके बाद घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोतवाली थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया था। शनिवार को उन्हें गिरफ्तार कर वारदात में इस्तेमाल डंडा बरामद कराया गया। इसके बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

## सेंट जोसेफ्स कॉन्वेंट हासे स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

### कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद ने किया सेंट जोसेफ्स प्ले स्कूल का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



सेंट जोसेफ्स कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल, इटारसी में छात्र परिषद के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दर्शन सिंह चौधरी, सांसद लोकसभा क्षेत्र रहे। मुख्य अतिथि ने विद्यालय के नव-निर्वाचित छात्र परिषद के पदाधिकारियों को बैज एवं सैश पहनाकर उनके दायित्वों का विधिवत हस्तांतरण किया तथा उन्हें निष्ठा, अनुशासन, सेवा और नेतृत्व की शपथ दिलाई। अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने विद्यार्थियों को नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, ईमानदारी तथा राष्ट्र सेवा की भावना के साथ अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। सांसद चौधरी ने सेंट जोसेफ्स प्ले स्कूल का फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय परिसर का अवलोकन किया तथा प्ले स्कूल की आधुनिक एवं बाल-केंद्रित शिक्षण व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव होती है। उन्होंने विद्यालय परिवार को इस नवीन पहल के लिए शुभकामनाए देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर पुष्पा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया तथा सेंट जोसेफ्स प्ले स्कूल के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त की। समारोह में विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ।

### 1912 के साथ ही नया संपर्क नंबर 0755-4314165 हुआ शुरू

नर्मदापुरम। विद्युत वितरण कंपनी ने बिजली उपभोक्ताओं को अधिक सुविधाजनक, त्वरित एवं निर्बाध सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कॉल सेंटर सेवाओं का विस्तार किया है। उपभोक्ताओं की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कॉल सेंटर की क्षमता बढ़ाने के लिए अतिरिक्त चैनल जोड़े गए हैं। साथ ही एयरटेल नेटवर्क के माध्यम से नया संपर्क नंबर 0755-4314165 भी प्रारंभ किया गया है। अब उपभोक्ता बीएसएनएल के टोल-फ्री नंबर 1912 के अतिरिक्त 0755-4314165 पर भी कॉल कर विद्युत आपूर्ति, बिल एवं स्मार्ट मीटर संबंधी शिकायत दर्ज कराने सहित अन्य जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## गर्ल्स कालेज में छात्राओं के लिए ड्राइविंग लाइसेंस पंजीयन व मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला नर्मदापुरम एवं परिवहन विभाग (आरटीओ) के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय, इटारसी में छात्राओं एवं युवतियों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस पंजीयन एवं मार्गदर्शन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लेकर ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज एवं यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। शिविर के दौरान परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा छात्राओं को ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, दस्तावेजों के सत्यापन, लर्निंग एवं स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया तथा सुरक्षित वाहन संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।




इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग संजय जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने शिविर का अवलोकन करते हुए छात्राओं को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में विधायक प्रतिनिधि शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी अंशिका रुद्रांश सिंह ठाकुर, परिवहन विभाग के अधिकारियों, सहित महाविद्यालय परिवार एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## सड़क-नाली निर्माण की गुणवत्ता देखने खुद पहुंचे नपा अध्यक्ष, निगरानी की अपील की

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने मालवीय गंज स्थित शक्ति नगर में मेला ग्राउंड से शुक्ला के मकान तक बन रही 90 मीटर सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, सड़क की लंबाई, चौड़ाई, मोटाई तथा नाली की ढाल का बारीकी से परीक्षण किया और निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष चौरे ने संबंधित निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्माण के बाद नियमित रूप से पानी की तराई (क्योरिंग) की जाए तथा सड़क पर आवारा पशुओं और भारी वाहनों की आवाजाही रोकी जाए, ताकि निर्माण की गुणवत्ता प्रभावित न हो और सड़क लंबे समय तक सुरक्षित एवं टिकाऊ बनी रहे।

करीब लंबे इंतजार के बाद इस महत्वपूर्ण सड़क एवं नाली का निर्माण शुरू होने पर क्षेत्रवासियों ने खुशी व्यक्त करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष का आभार जताया। नागरिकों ने कहा कि वर्षों से जलभराव की समस्या से परेशान क्षेत्र को अब राहत मिलेगी और आवागमन भी सुगम होगा। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा, यह सड़क आप सभी की संपत्ति है।

## गुमराह करने की शिकायत पर आउटसोर्स कर्मी की सेवाएं समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला चिकित्सालय, नर्मदापुरम में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं निष्पक्ष स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना अस्पताल प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी क्रम में अस्पताल प्रबंधन को प्राप्त शिकायतों एवं उपलब्ध कराए गए प्रत्यक्ष साक्ष्यों के आधार पर अस्पताल में आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से कार्यरत एक मल्टीस्किल वर्कर द्वारा मरीजों एवं उनके परिजनों को भ्रमित कर निजी अस्पतालों की ओर भेजने तथा निजी लाभ के उद्देश्य से अनुचित गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने का मामला सामने आया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए अस्पताल प्रशासन द्वारा संबंधित आउटसोर्स एजेंसी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। एजेंसी ने उपलब्ध तथ्यों एवं अनुबंध की शर्तों के अनुरूप संबंधित कर्मचारी की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त (टर्मिनेट) कर दी हैं। जिला चिकित्सालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मरीजों को किसी भी प्रकार से गुमराह करना अथवा अस्पताल की छवि एवं कार्यप्रणाली को प्रभावित करने वाली गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस प्रकार की शिकायतें प्राप्त होने पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## आयोध्या में कथित चंदा चोरी मामले में कांग्रेस ने किया सुंदरकांड का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




नगर कांग्रेस कमेटी इटारसी द्वारा जायस्तंभ चौक पर आयोध्या में मंदिर निर्माण हेतु एकत्रित चंदे में कथित गड़बड़ी के विरोध तथा भाजपा जनप्रतिनिधियों की सद्बुद्धि की कामना को लेकर सुंदरकांड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा दोषियों को समिति से हटाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि यदि किसी प्रकार की अनियमितता या अपराध सिद्ध होता है तो दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा जाना चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी हिंदू धर्म की आस्था के साथ खिलवाड़ करने का साहस न कर सके। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय ने कहा कि आस्था से जुड़े मामलों में पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही आवश्यक है। जनता की भावनाओं से जुड़े किसी भी विषय पर निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों पर कानून के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीलम गांधी ने कहा कि धर्म और आस्था के नाम पर किसी भी प्रकार की अनियमितता स्वीकार नहीं की जा सकती। जनभावनाओं का सम्मान करते हुए सत्य को सामने लाना आवश्यक है। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी ने कहा कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा है।

## रास सांसद माया नारोलिया ने महिला मंडल को भेंट की सामग्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने नर्मदेश्वर महिला मंडल, मंगलमय परिसर को भजन-कीर्तन के लिए आवश्यक सामग्री भेंट की। उन्होंने मंडल को ढोलक, झांझ एवं मजीरे प्रदान करते हुए धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाने की शुभकामनाएं दीं।

महिला मंडल की सदस्यों ने सांसद माया नारोलिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भजन सामग्री मिलने से नियमित भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजनों को और अधिक सुचारु रूप से संचालित किया जा सकेगा।

इस अवसर पर महिला मंडल की सरोज पटेल, ममता सिसोदिया, निकिता राठौर, रीना राठौर, सृष्टि गौर, शुभांगी खंडेलवाल सहित सदस्य एवं अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### आचार्य समय सागर महाराज का इटारसी में पहला कदम आज

## हाथी-घोड़े, ऊंट और अखाड़े के साथ निकलेंगे भव्य अगवानी यात्रा, 9 शहरों का जैन समाज होगा शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर के इतिहास में आज रविवार 12 जुलाई को एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ने जा रहा है। जैन समाज के सर्वोच्च संत, परम पूज्य परम्पराचार्य 108 समय सागर जी महाराज का पहली बार इटारसी नगर में मंगल आगमन हो रहा है। आचार्य विद्यासागर महाराज के सल्लेखना विधि से देह त्याग होने के बाद दिगम्बर जैन परंपरा की कमान संभाल रहे आचार्य समय सागर जी की अगवानी के लिए नगर के मुख्य मार्ग को सजाया गया है।

इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए इटारसी समेत मध्य प्रदेश के कई शहरों से हजारों श्रद्धालु जुटेंगे। रविवार दोपहर 2:00 बजे



पुरानी इटारसी के एसबीआई चौराहे पर समस्त जैन समाज और नगरवासी एकत्रित होंगे। यहीं से आचार्य श्री ससंघ की भव्य अगवानी और शोभायात्रा की शुरुआत होगी। यात्रा में सुरक्षा और व्यवस्था के लिए विशेष वालंटियर तैनात किए गए हैं। आचार्य श्री के स्वागत में निकलने वाली शोभायात्रा बेहद भव्य होगी। सबसे आगे बैंड सुरों की तान बिखेरेगा।

इसके पीछे ध्वजा लिए 11 अश्व (घोड़े), 2 ऊंट और 1 हाथी चलेंगे। बच्चों की 5 टोली विशेष अभिनय (फैंसी ड्रेस/नाटक) करते हुए चलेगी। साथ ही आचार्य श्री के जीवन और प्रकल्पों पर आधारित 5 बग्गी झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। बजरंग अखाड़ा के जांबाज अपने करतब दिखाएंगे। सिलवानी नगर का 'दिव्य घोष' और अष्ट मंगल लिए अष्ट कुमारियां अगवानी करेंगी। मुख्य शोभायात्रा में परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ससंघ और आर्यिका मां भावनामति माताजी ससंघ के मंगल कदम होंगे। शांतिनाथ, आदिनाथ, पार्श्वनाथ, महावीर जिनालय, श्वेतांबर श्री संघ, तारण तरण चैत्यालय और हिंदू समाज संगठन के महिला मंडल पारंपरिक वेशभूषा में मंगल कलश लेकर चलेंगे।

आचार्य श्री के दर्शनों के लिए केवल इटारसी ही नहीं, बल्कि आसपास के कई जिलों का जैन समाज इटारसी पहुंच चुका है। भोपाल दिगम्बर जैन समाज: 6 विशेष ढोल और भारी जनसमुदाय के साथ नर्मदापुरम समाज, औबेदुल्लागंज और मंडीदीप समाज, बुधनी और नसरूल्लागंज समाज, बाबई और पचमढ़ी सहित सकल जैन समाज शामिल होगा।

## सांदीपनि स्कूल, पवारखेड़ा में युवा सृजन संवाद कार्यक्रम किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार तथा पुलिस अधीक्षक साईंकृष्णा एस थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के मार्गदर्शन में सांदीपनि विद्यालय, पवारखेड़ा में "युवा सृजन संवाद" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर एवं उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) संतोष मिश्रा, विद्यालय के प्राचार्य संदीपन नीखर, व्यायाम निर्देशक राजेंद्र प्रसाद नामदेव तथा व्याख्याता डॉ. संगीता सूर्यवंशी की उपस्थिति में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के लगभग 100 विद्यार्थियों से संवाद स्थापित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके संवैधानिक अधिकारों एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना, कानून एवं अपराध की मूलभूत अवधारणाओं से परिचित कराना तथा यह समझाना था कि दूसरों के अधिकारों का उल्लंघन किस प्रकार अपराध का रूप ले सकता है।

**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर ने शहर में विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**बैतूल।** कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने शनिवार को शहर का भ्रमण कर विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सर्किट हाउस में चल रहे रिनोवेशन कार्य का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने प्रस्तावित नवीन सर्किट हाउस के संबंध में भी हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह सहित हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर पलटा, दबने से चालक की मौत

**बैतूल।** रानीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पांढरा में खेत की जुताई के दौरान ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है। पुलिस के अनुसार पांढरा निवासी अनिल भलावी (45), प्रेमलाल के खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। अनिल उसके नीचे दब गया। गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि हादसे की आवाज सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर ट्रैक्टर के नीचे दबे चालक को बाहर निकाला। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए। रानीपुर के प्रधान आरक्षक रमेश टेकाम और आरक्षक सतीश वाड़िवा ने प्रारंभिक जांच की। जांच में ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर पलटने से हादसा होना सामने आया। मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। जांच के बाद वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

## हिंगवे सचिव, टिकमें कोषाध्यक्ष बने

**बैतूल।** हाल ही में हुए मप्र पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष के चुनाव संपन्न हुए। जिसमें सर्वसम्मति से मोहनलाल धुर्वे को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया था। श्री धुर्वे ने संघ की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संरक्षक हरिओम चौरे, प्रकाश महस्की, संयोजक राजिक अली, अनिल वर्मा, उपाध्यक्ष कमलकिशोर धोटे, महेन्द्र राठौर, बिरजलाल भलावी, प्रतिक्षा झाड़े, सचिव धमेन्द्र हिंगवे, सहसचिव सुरेन्द्र महस्की, संदीप लोखंडे, कोषाध्यक्ष मोरध्वज टिकमें, सह कोषाध्यक्ष सचिन वामनकर, संगठन मंत्री प्रहलाद वामनकर, इमरान खान, मनीष पंवार, विरेन्द्र अखंडे, प्रचार मंत्री कैलाश मालवी, शुभम लोनारे, अनुप मिश्रा, उमा घोड?ी, रश्मि साहू, प्रवक्ता सरेश मिश्रा, अखिलेश देशमुख, कमलेश देशमुख, मुदित फरकाड़े, सत्यम खातरकर, ज्योति हारोड़े, अनुशासन समिति में राजकुमार उइके, चन्द्रभान बारस्कर, वासुदेव देशमुख, प्रवीण मालवी, सुशीला सिरसाम, श्रीमती मनीषा पंवार, इन्द्रकुमार बोरबन, संदीप चौरगड़े, सतीश चौरे, रविशंकर पहाड़े, नितेश पंवार को नियुक्त किया है।

### डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा जिला चिकित्सालय, जिम्मेदार कब देंगे ध्यान...?

# सिर्फ बन रहे भवन, अस्पतालों में डॉक्टरों की पूर्ति नहीं, मरीज हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला अस्पताल में डॉक्टरों की कमी के कारण स्वास्थ्य सुविधाएं संकट से गुजर रही हैं। एक ओर मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर डॉक्टरों की अनुपलब्धता के चलते इलाज की स्थिति चिंताजनक हो गई है। स्थिति यह है कि ओपीडी में प्रतिदिन 600 से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। लेकिन डॉक्टरों की कमी की वजह से मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है। हालात यह है कि विशेषज्ञ डॉक्टर की कमी और संसाधनों के अभाव में गंभीर मरीजों को प्राथमिक इलाज देकर रेफर कर दिया जाता है। इधर ओपीडी के भी हालात ठीक नहीं है। यहां भी मरीजों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहती है। कई बार इलाज के लिए नंबर नहीं आने पर मरीजों को निजी अस्पताल जाना पड़ रहा है। यहां बता दें कि आदिवासी बाहुल्य जिला बैतूल में स्वास्थ्य सेवाओं को दुरूस्त करने के लिए सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, पर यह खर्च बिल्डिंग बनाने में किया जा रहा है, जबकि डॉक्टरों की कमी से जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं बिगड़ रही है। हाल ही में हुए चिकित्सकों के तबादले के बाद भी जिला अस्पताल को कोई डॉक्टर नहीं मिला है।



### बरसात में बढ़ जाती है बीमारियों की आशंकाएं

बरसात के मौसम में बीमारियों का ग्राफ तेजी से ऊपर चढ़ता है। डेंगू, मलेरिया, वायरल फीवर जैसी मौसमी बीमारियों के साथ-साथ नाक, कान, गला और स्किन से संबंधित संक्रमणों में भी इजाफा होता है। वहीं दूसरी ओर सांप के काटने के केस, फिसलन और कीचड़ के कारण हड्डी टूटने और चोट लगने की घटनाएं भी होती है। अभी जिला अस्पताल में ओपीडी करीब 600 से ऊपर रोजाना रहती है। यहां जिला मुख्यालय के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के मरीज भी अपना उपचार करवाने पहुंचते है। लेकिन अस्पताल में आवश्यकता अनुरूप डॉक्टर की उपलब्धता नहीं होने से मरीजों को परेशान होना पड़ता है और अक्सर अस्पताल की व्यवस्थाएं बिगड़ती है, वह अलग है।

### केवल बन रहे भवन, डॉक्टरों की कमी दूर नहीं

जिला चिकित्सालय का लगातार विस्तार हो रहा है। यहां नई-नई बिल्डिंग बन रही है। लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टर और स्टॉफ की कमी को दूर करने के लिए कोई प्रयास नहीं किये जा रहे है। जनप्रतिनिधि भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। सबसे बड़ी बात यह है कि जिले में चिकित्सकों की कमी सिर्फ जिला अस्पताल में ही नहीं, अपितु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी बनी हुई है। इन केन्द्रों में डॉक्टरों की कमी के कारण ग्रामीणों को जिला अस्पताल आना पड़ता है। लेकिन यहां भी चिकित्सकों की कमी के कारण उन्हें अच्छा उपचार नहीं मिल पाता है। हालांकि जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर डॉक्टरों की कमी से शासन को अवगत कराया जाता है, लेकिन डॉक्टरों की कमी दूर नहीं हुई है।

### डॉक्टरों के यह पद पडे है रिक्त

जानकार सूत्र बताते है कि अभी अस्पताल में मेडिकल विशेषज्ञ के 5 पद में से 2 पद रिक्त, सर्जन 4 पद में से 2 पद रिक्त, स्त्री रोग विशेषज्ञ 4 पदों में से 1 रिक्त, शिशु रोग विशेषज्ञ के 7 में से 5 रिक्त, अस्ति रोग 4 पद में से दो रिक्त, रेडियोलॉजिस्ट के 2 में से 2 रिक्त, पैथालाजिस्ट के 2 में से 2 रिक्त, निश्चेतना विशेषज्ञ 4 में से 3 रिक्त सहित क्लास वन के कुल 38 पद स्वीकृत है, जिसमें से वर्तमान समय केवल 16 डॉक्टर पदस्थ है, जबकि प्रथम श्रेणी के 22 डॉक्टरों के पद खाली है। यहीं हाल द्वितीय श्रेणी डॉक्टरों का भी है। जिला अस्पताल में द्वितीय श्रेणी के डॉक्टरों के कुल 21 पद स्वीकृत है, जिसमें से केवल 9 डॉक्टर कार्यरत है। 12 पद रिक्त पड़े है।

### जल्द करेंगे पूर्ति

जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए शासन को मांग पत्र भेजे जाते हैं। आशा है कि शासन इन पदों की जल्द ही प्रतिपूर्ति करेगा।

**डॉ. जगदीश घोरे, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल बैतूल**

### सामाजिक संगठन भी कर चुके हैं मांग

जिला अस्पताल में डॉक्टरों की कमी और संसाधनों के अभाव को दूर करने के लिए जिले के सामाजिक संगठन भी दर्जनों बार मांग कर चुके है। ज्ञापन और आवेदन देने के बाद भी अब तक जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी दूर नहीं हो पाई है। इसका परिणाम यह है कि दुर्घटना के दौरान गंभीर अवस्था में आने वाले मरीजों को प्राथमिक उपचार देकर भोपाल या नागपुर रेफर करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में कई बार मरीज की रास्ते में ही मौत हो जाती है। इधर अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के अलावा स्टाफ भी पर्याप्त नहीं है। जिसकी वजह से जिला अस्पताल में कई इकाइयों का सुचारू संचालन नहीं हो पा रहा है और खामियाजा आमजनता को चुकाना पड़ रहा है।

## किसान ने लगाई फांसी, अस्पताल पहुंचने के पहले मौत, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



झल्लार थाना क्षेत्र के ग्राम केरपानी में 35 वर्षीय किसान ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान केरपानी निवासी मनोज पिता नाथूराम बारस्कर (35) के रूप में हुई है। बताया गया कि शनिवार सुबह उन्होंने अपने घर में फांसी लगा ली। परिजनों ने उन्हें फंदे से उतारकर तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। परिजनों के अनुसार, मनोज का विवाह वर्ष 2015-16 में राधिका बारस्कर से हुआ था। पिछले कुछ समय से पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा था। उनकी पत्नी मायके में रह रही थी, जिससे मनोज मानसिक तनाव में थे। परिजनों का कहना है कि इसी तनाव के चलते उन्होंने आत्मघाती कदम उठाया। मृतक की बहन ने बताया कि उनकी भाभी ने पहले मनोज के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया था, बाद में विवाद सुलझ गया था, लेकिन उनकी भाभी तलाक के लिए दबाव बना रही थी। बहन का दावा है कि इसी वजह से मनोज मानसिक तनाव में थे। हालांकि पुलिस ने इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस ने जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही आत्महत्या के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

## मेंटेनेंस के कारण आज बंद रहेगी बिजली सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बिजली कंपनी द्वारा 12 जुलाई को 33/11 केव्ही सब स्टेशन टिकरी का मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल जोन-2 के प्रबंधक शहर ने बताया कि रविवार को मेंटेनेंस कार्य के चलते सुबह 10 से दोपहर 2 बजे 11 केव्ही फीडर टिकारी के बच्चा जेल, प्रताप वार्ड, महावीर वार्ड, अखाड़ा चौक, जेरी चौक, गाड़ाघाट पम्प, पटने आटा चक्की, नागदेव मंदिर टिकारी, ईशाई चौक, नर्स ट्रेनिंग स्कूल, कृष्णापुरा, ठाकरे की चाल मोती वार्ड, डॉ कसेरा, गोठी कालोनी, दादावाड़ी, गोठी कालोनी, फॉसी खदान, डॉ.पाड़ी गौठाना नाका, शारदा नगर वैष्णवी नगर, गंगोत्री कालोनी, कमानी गेट, थाना चौक मांग मोहल्ला, दुर्गा वार्ड, गूड़ बाजार, गांधी चौक, साईं मंदिर टिकारी, ग्रीन स्टेट कालोनी, भुजरिया घाट आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर टिकारी में कार्यशाला आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर 11 जुलाई को एएनएमटीसी प्रशिक्षण केन्द्र टिकारी बैतूल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रभारी सीएमएचओ डॉ. जगदीश घोरे ने बताया कि भारत शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष 11 जुलाई से 18 जुलाई 2026 के मध्य विश्व जनसंख्या दिवस अभियान मनाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य सही समय पर गर्भावस्था तथा दो बच्चों के मध्य सही समय के अंतर को स्वैच्छिक साधनों के उपयोग से बढ़ावा देना है, जिससे मातृ मृत्यु एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार किया जा सके। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ घोरे ने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि इस संदेश को हर समुदाय तक पहुंचा कर सीमित संसाधनों और बढ़ती जनसंख्या के दुष्प्रभाव के बारे में लोगों को जागरूक करें, ताकि लोग छोटा परिवार अपनाकर अपना और समाज के भविष्य को बेहतर बना सके। छोटा परिवार रखने से संसाधनों का बेहतर उपयोग कर सकते हैं। जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ राजेश परिहार ने परिवार कल्याण के विभिन्न साधनों की जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के दौरान प्रत्येक लक्ष्य दम्पत्ति को परिवार नियोजन के कोई न कोई साधन से सुरक्षित करें। इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस अभियान की थीम मां और बच्चे की अच्छी सेहत के लिये गर्भधारण के लिए सही समय तथा गर्भावस्था के मध्य सही अंतर रखा जाना जरूरी है। कार्यशाला में प्रभारी शहरी चिकित्सा अधिकारी डॉ रत्नेश खाड़े, उप जिला मीडिया अधिकारी महेशराम गुबरेले, परिवार कल्याण प्रभारी भगतसिंह उइके, एपीएम प्रकाश माकाड़े, सुपरवाईजर कृष्णा पाटिल, एएनएम एवं आशा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सुनीता देशमुख महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नियुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे, संभाग प्रभारी कांतदेव सिंह, जिला संगठन प्रभारी सूदर्शन गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार की सहमति से महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष का दायित्व सुनीता देशमुख को मिलने पर नवनियुक्त महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष का जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने स्वागत किया। इस अवसर पर श्री पंवार ने कहा कि महिला मोर्चा भाजपा परिवार का अहम हिस्सा है। सुनीता देशमुख हमारी पार्टी की सहज सरल और सशक्त कार्यकर्ता है जिन पर प्रदेश नेतृत्व ने भरोसा जताया है यह निश्चित रूप से उस विश्वास पर खरा उतरते हुए मोर्चे को नऐ आयाम तक लेकर जाएगी। इस दौरान नवनियुक्त महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनीता देशमुख ने कहा कि प्रदेश और जिला नेतृत्व ने जो विश्वास जताया है उस विश्वास पर पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरते हुए सभी बहनों के साथ मिलकर संगठन को नई उचांई प्रदान करने का प्रयास करूंगी। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री कृष्णा गायकी, जिला उपाध्यक्ष इंद्रपाल पुण्डे, रश्मि साहू, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री ममता मालवी, नपाउपाध्यक्ष महेश राठौर, कोठीबाजार मंडल अध्यक्ष विक्रम वैद्य, खेडीसावलीगढ मंडल अध्यक्ष नीतिन बारस्कर, बैतूलबाजार मंडल अध्यक्ष सुनील पंवार, झल्लार मंडल पुष्पा खाडे, नीलम वागद्रे, माधुरी साबले, कृष्णा अमरूते, सरिता रघुवंशी, मीना बोरबन, वर्षा खाडे, स्वाती राठौर, सावन्या शेषकर, राहूल वडुकले, गोलू बारस्कर, कुणाल शर्मा सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य और परिवार संरक्षण के मुद्दों पर एसपी के पास पहुंचा एसआईएफ बैतूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य, परिवार संरक्षण और समाज में जनजागरूकता को लेकर सक्रिय सेव इंडियन फैमिली एसआईएफ बैतूल ने शुक्रवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी को ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रतिनिधियों ने सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए अपने सुझाव और चिंताएं रखीं। एसपी ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना, सकारात्मक चर्चा की और संगठन के सामाजिक प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने ज्ञापन सहर्ष स्वीकार किया तथा समाजहित में किए जा रहे जागरूकता अभियानों की सराहना की। संगठन ने पुलिस अधीक्षक के सकारात्मक दृष्टिकोण, मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेव इंडियन फैमिली बैतूल आगे भी समाजहित, पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य, परिवार संरक्षण और जनजागरूकता से जुड़े कार्यों को पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक तरीके से निरंतर संचालित करता रहेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन की ओर से डॉ. संदीप गोहे, चंद्रप्रकाश झारे, अविनाश देशमुख और अखलेश चौकीकर सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि सेव इंडियन फैमिली बैतूल विगत कई वर्षों से पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य, पारिवारिक परामर्श, वैवाहिक विवादों में मार्गदर्शन, आत्महत्या रोकथाम, कानूनी जागरूकता तथा जरूरतमंद पुरुषों और उनके परिवारों को निःशुल्क सहायता उपलब्ध कराने के लिए कार्यरत है। संगठन समाज में संवाद, जागरूकता और सकारात्मक समाधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निरंतर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करता रहता है।

## जूडो अकादमी में प्रवेश के लिए चयन ट्रायल आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



खेल और युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश के तत्वावधान में शनिवार को स्थानीय शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर हमलापुर में मध्य प्रदेश राज्य जूडो अकादमी भोपाल में प्रवेश के लिए एक दिवसीय चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। इस चयन प्रक्रिया में बैतूल जिले के समस्त विकासखंडों से लगभग 50 जूडो खिलाड़ियों ने भाग लिया। भोपाल से आए खेल और युवा कल्याण विभाग के प्रतिनिधि श्री गोविन्द रजाक प्रशिक्षक एवं श्री जयप्रकाश यादव प्रशिक्षक ने प्रतिभागी खिलाड़ियों के शारीरिक मापदंडों, फिटनेस और जूडो खेल कौशल का बारीकी से परीक्षण किया। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी पूजा कुरील ने बताया कि इस ट्रायल का मुख्य उद्देश्य राज्य की प्रतिभाओं को तराशना है।

### समाजजनों ने लिया आशीर्वाद

## दिगंबर जैन मुनि समय सागर महाराज का भौंरा में प्रवास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

नागपुर से भोपाल के अशोका गार्डन में होने वाले चातुर्मास के लिए मंगल विहार पर निकले दिगंबर जैन मुनि समय सागर जी महाराज भौंरा पहुंचे। मुनिश्री का सुबह करीब 7 बजे से शाम 4 बजे तक नगर में प्रवास रहा। इस दौरान पंचायत भवन स्थित अतिथि गृह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दर्शन एवं वंदन कर धर्मलाभ प्राप्त किया। शाम करीब 4 बजे मुनिश्री अपने अगले पड़ाव संदीपनी विद्यालय, सुखतवा के लिए पैदल मंगल विहार करते हुए रवाना हो गए। जानकारी के अनुसार मुनिश्री नागपुर से भोपाल के अशोका गार्डन में होने वाले चातुर्मास के लिए मंगल विहार पर निकले हैं। आगामी चार माह तक वे भोपाल में विराजमान रहकर धार्मिक अनुष्ठान, प्रवचन एवं आध्यात्मिक गतिविधियों का मार्गदर्शन करेंगे। मुनिश्री के भौंरा प्रवास के दौरान केवल जैन समाज ही नहीं, बल्कि नगर के अन्य समाजों के लोगों ने भी पहुंचकर दर्शन किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

### निःशुल्क योग-प्राकृतिक चिकित्सा शिविर में 100 से अधिक लोगों ने लिया लाभ

# प्राकृतिक जीवनशैली अपनाएं, बीमारियों से बचें: डॉ. हरेकृष्ण शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

स्वदेशी जागरण मंच एवं नव वसुंधरा श्रृंगार जन कल्याण फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में स्वस्थ मध्य प्रदेश अभियान के अंतर्गत विशाल निःशुल्क योग व प्राकृतिक चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिला प्रचार प्रमुख योगेश रोचलानी ने बताया कि यह अभियान देश-विदेश में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के विस्तार में सक्रिय अभियान के मार्गदर्शक एवं संरक्षक डॉ. अंकेश सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिला संयोजक धर्मेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि शिविर की शुरुआत प्रातःकालीन योग सत्र से हुई, जिसमें 100 से अधिक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। इसके बाद प्रतिभागियों का निःशुल्क नाड़ी परीक्षण, स्वास्थ्य परामर्श तथा उनकी प्रकृति और स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार व्यक्तिगत डाइट चार्ट उपलब्ध कराया गया। आयुष विभाग की ओर से आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा परामर्श के साथ निःशुल्क औषधि वितरण भी किया गया। मुख्य वक्ता नाड़ी वैद्य एवं योग-प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. हरेकृष्ण शर्मा ने कहा कि प्राकृतिक जीवनशैली ही प्राकृतिक चिकित्सा का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि अधिकांश बीमारियां गलत जीवनशैली, अनियमित दिनचर्या, तनाव, जंक फूड, रासायनिक भोजन, शारीरिक




निष्क्रियता और प्रकृति से बढ़ती दूरी का परिणाम हैं। यदि व्यक्ति नियमित योग, प्राणायाम, ध्यान, सात्विक एवं संतुलित आहार, पर्याप्त जल सेवन, समय पर विश्राम तथा सकारात्मक सोच अपनाए तो मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, थायराइड, जोड़ों का दर्द, पाचन संबंधी विकार और मानसिक तनाव जैसी जीवनशैली जनित बीमारियों से बचाव संभव है।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा केवल रोगों को दबाने की पद्धति शरीर की स्व-चिकित्सा शक्ति (सेल्फ हीलिंग पावर) को जागृत करने वाली वैज्ञानिक चिकित्सा प्रणाली है। उन्होंने प्रत्येक परिवार से प्रतिदिन योग करने, प्राकृतिक एवं स्थानीय भोजन अपनाने, नशामुक्त जीवन जीने और स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान करते हुए कहा कि प्राकृतिक जीवनशैली अपनाकर ही स्वस्थ, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पांडे ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम हैं और ऐसे आयोजनों का नियमित रूप से होना आवश्यक है। आयुष विभाग की नोडल अधिकारी डॉ. सरिता डेहरिया ने योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा को प्रत्येक व्यक्ति के दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने पर जोर देते हुए आयुष चिकित्सा पद्धतियों की उपयोगिता बताई। कार्यक्रम में प्रांत महिला सहकार्य प्रमुख हेमलता कुंभारे, विभाग सहसंयोजक निलेश गिरी गोस्वामी तथा जिला संयोजक धर्मेंद्र सिंह परिहार ने भी स्वास्थ्य जागरूकता, स्वदेशी जीवनशैली और सेवा कार्यों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन निलेश गिरी गोस्वामी ने किया। इस अवसर पर जिला युवा आयाम प्रमुख उज्वल प्रताप सिंह ठाकुर, जिला महिला सहकार्य प्रमुख ममता, जिला टोली सदस्य वर्षा खाड़े, सीमा साहू, रीता वाघमारे, दीपक ठाकरे, रोहित पवार सहित कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## संघर्ष राज' बना चैंपियन, पिता-पुत्र की जोड़ी रही मुख्य आकर्षण

**पचमढ़ी।** स्थानीय पचमढ़ी में 'प्ले किंग' द्वारा आयोजित नगर स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन बेहद रोमांचक और भव्य मुकाबले के साथ हुआ। टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में संघर्ष राज और मास्टर क्लब की टीमें आमने-सामने थीं, जिसमें उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए 'संघर्ष राज' ने जीत दर्ज कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। उपविजेता का खिताब मास्टर क्लब के खाते में गया।

इस पूरी प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण मैदान पर खेल रही एक अनोखी जोड़ी रही। संघर्ष राज टीम से खेलते हुए पिता संतोष यादव और उनके पुत्र ओम यादव ने न केवल दर्शकों का दिल जीता, बल्कि अपनी टीम को चैंपियन बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पिता-पुत्र की इस जुगलबंदी की पूरे खेल प्रेमियों के बीच जमकर चर्चा हो रही है। प्रतियोगिता के समापन समारोह में नगर के उभरते हुए खिलाड़ियों को उनकी बेहतरीन खेल प्रतिभा के लिए पुरस्कृत किया गया, जिनमें ओम यादव, नुकुल चौधरी, दक्ष चौधरी, मोहम्मद ज़ैद शामिल हैं। इस भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के वरिष्ठ खिलाड़ी दुर्गा कहार, वेद प्रकाश यादव, डोमिनिक जोसेफ और रजनीकांत झा उपस्थित रहे।

### मच्छरों का प्रकोप

**भौरासा।** नगर में मच्छरों की तादात बढ़ने के बाद नगर परिषद् भौरासा द्वारा फागिंग मशीन लगातार अलग अलग वॉर्ड में चलाई जा रही हैं।

वार्डवासियों को मिली 12.30 लाख रुपए लागत की सड़क की सौगात

# रामगंज वार्ड सोहागपुर में विधायक ने किया सीसी रोड का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर परिषद सोहागपुर द्वारा मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना योजना के चतुर्थ चरण अंतर्गत शहर के रामगंज वार्ड में सड़क निर्माण पूर्व इसका भूमिपूजन कार्यक्रम शुक्रवार को किया गया है। रामगंज वार्ड में खेड़ापति मंदिर के पास लगभग 12.30 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्मित होगी।

नगर परिषद सोहागपुर द्वारा मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना योजना के चतुर्थ चरण अंतर्गत शहर के रामगंज वार्ड में सड़क निर्माण पूर्व इसका भूमिपूजन कार्यक्रम शुक्रवार को किया गया है। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह उपस्थित थे।

### होगा 12.30 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण

सोहागपुर नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल तथा सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि रामगंज वार्ड में खेड़ापति मंदिर के पास लगभग 12.30 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्मित होगी। जिसका भूमिपूजन विधायक विजयपाल सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि रूप में नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी तथा विशेष अतिथि रूप में भाजपा सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज उपस्थित रहे।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, लोक निर्माण सभापति कविता साहू, पार्षद गौरव पालीवाल, रविशंकर




उइके, आशीष मालवीय, वसीम खान सेवानिवृत्त शिक्षक एसएस मंडलोई, वरिष्ठ भाजपा नेता कुंवर सिंह यादव, संध्या नागवंशी, दशरथ रघुवंशी, पूर्व सीएमओ नरेंद्र रघुवंशी, अभिनव पालीवाल, नीरज यादव, नप उपयंत्री बृजेश खानोरकर आदि उपस्थित थे।

### सजग भाजपा सरकार:विजयपाल सिंह

इस अवसर पर विधायक विजयपाल सिंह राजपूत ने कहा कि मप्र की भाजपा की सरकार सजग एवं जनविकास के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश के नगरों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य कर रही है। सड़क निर्माण से नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी व वार्ड का समग्र विकास होगा। उन्होंने निर्माण कार्य को गुणवत्ता एवं समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।।

### गौशाला से अतिक्रमण हटवाने से मिलेगा प्रतिनिधि मंडल

**सोहागपुर।** सोहागपुर में सिटिया गोहना की गौशाला के आसपास शासकीय भूमि पर अतिक्रमण को लेकर सकल हिंदू समाज आगामी दिनों में अधिकारियों से भेंटकर अतिक्रमण हटाने की मांग करेगा। उक्ताशय का प्रेस नोट सकल हिंदू समाज की ओर से अधिवक्ता शिवकुमार ने मीडिया में प्रेषित किया है। जिसके अनुसार गौशाला के आसपास शासकीय भूमि पर कुछ लोगों न कथित रूप से अतिक्रमण कर वहां एक मजार का निर्माण किया है। इस संबंध में पहले भी शासन-प्रशासन को मौखिक रूप से अवगत कराया जा चुका है। पूर्व एसडीएम प्रियंका भलावी एवं ब्रजेन्द्र रावत को विषयगत जानकारी देकर ज्ञापन दिए थे। लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। अब सोमवार को सकल हिन्दू समाज का प्रतिनिधिमंडल अधिकारियों से भेंटकर सरकारी भूमि से कथित अतिक्रमण हटाने तथा विधि सम्मत कार्रवाई करने का आग्रह करेगा।

## नपा की दुकानों की नीलामी को निरस्त करने की हुई मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर के मुख्य बाजार में नप द्वारा निर्मित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी काम्प्लेक्स में निकाय द्वारा दुकान नीलामी प्रक्रिया को लेकर व्यापारियों ने आपत्ति जताई है। व्यापारियों ने मामले में गत दिवस अधिकारियों को आवेदन सौंपे हैं। व्यापारियों ने आयुक्त नगरीय प्रशासन विभाग मप्र के नाम एक आवेदन एसडीएम सोहागपुर को दिया।

आवेदन अनुसार मुखर्जी कॉम्प्लेक्स में सभी ने सोहागपुर नप की सार्वजनिक नीलामी में दुकानें क्रय की हैं। नीलामी दौरान बताया गया था कि कॉम्प्लेक्स महानगरीय तर्ज पर विकसित किए जाएगा, इसमें एलीवेशन, लिफ्ट, एस्केलेटर तथा ऊपरी तल पर आवासीय फ्लैट सुविधा होंगीं तथा सुविधाओं को नक्शे एवं प्राक्कलन का हिस्सा बताया गया था।भरोसाकर व्यापारियों ने नीलामी में दुकानें लीं। लेकिन अधूरे कॉम्प्लेक्स में उल्लेखित सुविधाएं नहीं हैं। जिससे सभी को आर्थिक व व्यावसायिक कठिनाइयां हो रही हैं। आगे आवेदन अनुसार अब नप द्वारा ई-निविदा आमंत्रण सूचना के माध्यम से मुखर्जी कॉम्प्लेक्स की सीढ़ियों के नीचे लिफ्ट हेतु पूर्व से आरक्षित स्थान को दो दुकानों में परिवर्तित कर उनकी नीलामी प्रस्तावित की गई है।

### व्यापारियों ने किया विरोध

व्यापारियों ने विरोध किया है। तथा कहा कि बेशकीमती जगह को परिषद की बगैर अनुमति के दुकानों के नाम से नगण्य मूल्य पर नीलाम किया जा रहा है। तथा यह नक्शे व प्राक्कलन का उल्लंघन है। अतः व्यापारियों ने मानग की है कि लिफ्ट स्थल पर दुकान नीलामी पर रोक लगाई जाए।

### साइबर्टेक कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर ने घोषित किया परीक्षा परिणाम, मेधावी छात्र हुए पुरस्कृत

**पचमढ़ी।** आईटीआरसी द्वारा रजिस्टर्ड संस्था 'साइबर्टेक कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर' पचमढ़ी द्वारा डीसीए, एडीसीए और पीजीडीसीए के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर एक गरिमामय पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष गोपाल दास काबरा उपस्थित रहे। अध्यक्षता राष्ट्रीय पत्रकार कल्याण परिषद दिल्ली के नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष नफीस खान ने की।

## सेवा सप्ताह: बजरंग दल ने आमजनों का कराया निशुल्क स्वास्थय परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नगर समिति सिवनी मालवा ने बजरंग दल के सेवा सप्ताह के निमित्त निःशुल्क स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन कर सैकड़ों नागरिकों मातृशक्ति का स्वास्थ परीक्षण कर दिया लाभ ।

### नर सेवा ही नारायण सेवा

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कथा वाचिका अनन्या शर्मा ने कहा कि सेवा के इस पुनीत कार्य को करने का संकल्प बजरंग दल में हे ओर समाज हर वर्ग को जोड़कर उनकी चिंता करना नर सेवा ही नारायण सेवा हे इसको चरितार्थ करता हे। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल निःशुल्क स्वास्थ परीक्षण शिविर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर मंत्री सुशील गोहर नगर दुर्गावाहिनी संयोजिका रिंकी नाथ ग्रामीण उपाध्यक्ष कम्मू गौर नगर सामाजिक समरसता प्रमुख रविन्द्र




छिरेले शीतल लोवंशी सौरभ टॉक नगर सह संयोजक देव बाथब समित इरपंचे वीर कोरी राजू मराठे मोहन मलक मनीष बाथब परीक्षण कराने वाले में रिंकी बाथ ब माया बाथ ब संस्कार पीपलोद सुजल वानखेड़े पार्वती बाई शीला बाथ ब सोनम बाथ ब मोनू बाथ ब सुभद्रा बाई सुदामा इस्पांचे राजेश केवट प्रियंका बाथ ब हरिओम कोरी बी एच आरसी हॉस्पिटल के डॉ पूनम सिंह राजपूत पीयूष राठौर अमित बमनाथ सतीश योगी राजेश भालेराव के साथ ही बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण नागरिकों मातृशक्ति उपस्थित रही।

## समूह संचालक पर आज तक दर्ज नहीं हुई एफआईआर, विभागों के बीच झूल रहे किसान

### मां शारदा वेयरहाउस में समर्थन मूल्य पर की गई थी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत खिड़ियाके सेमरी रंधीर में लगातार 2वार से मां शारदा वेयरहाउस में समर्थन मूल्य पर मूंग धान खरीदी की जा रही थी। लेकिन हर बार समिति प्रबंधक पर दबाव बनाया गया वेयरहाउस संचालक के द्वारा संबंधित सभी खरीदी में तुलावटी हम्माल मजदूर किसान से मिलकर नान एफ ए क्यू गुणवत्ता विहिन अनाज उठाया गया। जिसके कारण सेवा सहकारी समिति किसी भी प्रबंधक ने इस वेयरहाउस में खरीदी नहीं की।तो अचानक बीच की खरीद के लिए किरण वाथरे के किरण समूह संचालक को धान की खरीदारी सौंप दी गई थी। खरीद प्रारंभ करने के समय ही कनिष्ठ खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी मनोज शुक्ला ने समुह संचालक के पति कंम्पयूटर आपरेटर को



एफआईआर दर्ज कराने की धमकी दी थी। लेकिन उसके बाद भी किरण वाथरे के अनुसार वेयरहाउस संचालक के द्वारा खरीदी शाम को बन्द करने के बाद सभी लोग अपने-अपने घरों को लौट जाते थे।और रात में वेयरहाउस संचालक नान एफ ए क्यू गुणवत्ता विहिन अनाज खरीद कर तुलाई कराकर बार दाना में रख देते थे। बिलिंग कार्य भी कर दिया जाता था।इस तरह से अनेकानेक अनमितताए करते हुए। लगभग 13किसानो के नाम पर फर्जी तरीके से विल तैयार किए गए थे। कुल मिलाकर 1058.4 टिंवकल धान का भुगतान जब शासन द्वारा रोका गया तो नर्मदा पुरम जिला कार्यालय जाने पर बताया गया कि समुह संचालक किरण वाथरे एवं अध्यक्ष सचिव के खिलाफ कार्रवाई करने हेतु नोटिस जारी किए गए हे7 भुगतान के लिए भटक रहीं हैं।इस तरह से 13किसानो ने जनसुनवाई में कलेक्टर सोमेश मिश्रा को आवेदन देकर भुगतान करने की बात कही है। तो जांच अधिकारी नान नीता कोरी ने बताया कि मामले की जांच करने के लिए टीम गठित कर दी गई है।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में मनाया विश्व जनसंख्या दिवस, हुए जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई के तत्वावधान में तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में 'विश्व जनसंख्या दिवस' के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को बढ़ती जनसंख्या के दुष्प्रभावों और परिवार नियोजन के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता और अतिथि के रूप में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक श्री मनोज कुमार प्रजापति और श्री मिथुन बारिया उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय की डॉ. सरिता नागवंशी समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।




### समाज में जागरूकता फैलाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं शिक्षा : डॉ. पदम शर्मा

डॉ. पदम शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि तीव्र गति से बढ़ती जनसंख्या वैश्विक संसाधनों पर भारी दबाव डाल रही है। सतत विकास के लिए जनसंख्या का संतुलित होना बेहद अनिवार्य है। डॉ. रजनीकांत वर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी, विशेषकर महिलाएं, समाज में जागरूकता फैलाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। शिक्षा और सही निर्णय से ही इस समस्या का समाधान संभव है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं।

### नर्सरी तैयार करेगी मात्रशक्ति

**माखन नगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक श्रीमती सुखवती वर्मा के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था एक्सीलेंस आर्यंस सेवा समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गनेरा और बीकोर द्वारा स्वैच्छिकता पर्व के अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 02 के ग्राम गनेरा,बीकोर में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया।

### किसान की बधू ने कृषि मंत्री को सौंपा ज्ञापन, 40% तक का मिला आश्वासन



**पिपरिया ।** विकास खण्ड क्षेत्र में विधानसभा क्षेत्र में किसान काफी परेशान हैं । वर्तमान में सामने अनाज बैंचना एक चुनौती बन गया है। जिसके लिए विगत दिनों अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा किसान मजदूर संघ द्वारा अपनी बात रख चुके हैं। लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है।तो अब किसान की बेटी जो पिपरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अर्जुनलाल पलिया की पुत्रवधू डाक्टर अम्रता राजे पलिया है। उन्होंने किसानों की समस्या को काफी करीब से अनुभव किया है।तो उन्होंने मध्यप्रदेश राज्य सरकार के क्रषि मंत्री ऐंदल सिंह कंसाना से मुलाकात कर उन्हें किसानों की मूंग खरीदी को 25%स बढ़ाकर 100% खरीदी करने तथा खरीदी केंद्र बढ़ाने की मांग की है। समर्थन मूल्य पर किसानों को फसल का पूरा दाम मिले यह मांग की है। किसान आज दौहरीमार झेल रहा है।ई टोकन सिस्टम है तो बहुत अच्छा लेकिन समय रहते हुए कोई सामान नहीं मिल रहा है। किसानों को इस बारे में मंत्री ऐंदल सिंह कंसाना ने बताया कि उन्होंने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर खरीदी बढ़ाने कि मांग कि है। उन्होंने बताया कि दिनांक 3/7/26को पत्र लिखकर दिया गया है।

## सेंट पैट्रिक विद्यालय में छात्र केबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह हुआ सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर के सेंट पैट्रिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को स्टूडेंट कैबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। चयनित विद्यार्थियों ने विद्यालय के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन की शपथ ली। विद्यालय प्राचार्य फादर दिलीप मिंज ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि एसडीओपी संजू चौहान रहे। अपने संबोधन में एसडीओपी चौहान ने विद्यार्थियों को नेतृत्व, अनुशासन,



ईमानदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने का संदेश दिया।

### यह है स्टूडेंट केबिनेट

इस वर्ष गठित छात्र मंत्रिमंडल में प्रधानमंत्री अनिकेत पटेल, उप प्रधानमंत्री अर्पित पटेल, अनुशासन मंत्री अमन गोहिया एवं लकी, शिक्षा मंत्री हंसिका रघुवंशी एवं लतिका, सांस्कृतिक मंत्री खुशी पटेल एवं आदित्य माझी, खेल मंत्री देव जेठानी एवं मितिका, पर्यावरण मंत्री ऋषिक पांडे एवं राधिका तथा स्वास्थ्य मंत्री नैतिक डोंगरे एवं जोविता साइन जेम्स को दायित्व सौंपे गए। हाउस कैप्टनों में रेड हाउस के लिए सत्यम पटेल एवं प्रियांश रघुवंशी, ब्लू हाउस के लिए शुभी तिवारी एवं आराध्या रघुवंशी, ग्रीन हाउस के लिए अभि साहू एवं सिद्धि सोनी तथा यलो हाउस के लिए गौरव कुशवाहा एवं राजू सहानी ने शपथ ग्रहण की। विद्यालय के वे पूर्व विद्यार्थी भी सम्मानित किए गए, जिन्होंने देश-विदेश में प्रतिष्ठित क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।बाथ ब सुभद्रा बाई सुदामा इस्पांचे राजेश केवट प्रियंका बाथ ब हरिओम कोरी बी एच आरसी हॉस्पिटल के डॉ पूनम सिंह राजपूत पीयूष राठौर अमित बमनाथ सतीश योगी राजेश भालेराव के साथ ही बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण नागरिकों मातृशक्ति उपस्थित रही।

विधिक साक्षरता शिविर में विद्यार्थियों को किया जागरूक

# सोशल मीडिया का सावधानी पूर्वक करें उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

आज का समय सोशल मीडिया का है लेकिन इसका उपयोग सावधानी पूर्वक करके हम सभी इसके दुष्परिणामो से बच सकते है। उक्त बात न्यायाधीश सु श्री अंजली अग्रवाल ने ग्राम बांकाबेडी के शासकीय हाई स्कूल में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर मे विद्यार्थियों से कही। न्यायाधीश अग्रवाल ने कहा कि आज सबसे ज्यादा मोबाइल का उपयोग हो रहा है। सारे काम मोबाईल से हो रहे है। लेकिन जहां यह आम जीवन का सबसे बड़ा साधन और उपयोगी है वहीं इसके दुष्परिणाम भी है। इसका उपयोग हम सभी को सावधानी पूर्वक करना चाहिए।



### गुड टच बेड टच की दी जानकारी

उन्होंने छात्राओं को सामान्य महिला कानून की जानकारी देते हुए कहा कि महिलाये अपने पेरो पर खड़े होकर आत्म निर्भर बने जिसके लिए शिक्षा आवश्यक है। कानून मे महिलाओ को बहुत अधिकार प्राप्त है। उन्होंने छात्राओं को घरेलू हिंसा, घरेलू हिंसा, पासको एक्ट, गुड़ टच बेड टच की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को विस्तृत रूप से केरियर मार्गदर्शन के विषय मे बताया। न्यायाधीश अग्रवाल ने विश्व जनसंख्या दिवस पर जनसंख्या घनत्व के विषय मे भी बताया और सभी को बालश्रम आदि पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि न्यायालय मे लोक अदालतों का आयोजन समय समय पर किया जाता है।

इस अवसर पर न्यायाधीश अग्रवाल ने विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा कानून के संबंध मे पूछे गये सवालों का सटीक कानूनी जबाब देकर विद्यार्थियों की जिज्ञासाओ का समाधान किया। न्यायाधीश अग्रवाल ने विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण भी किया। शिविर में विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती रेखा कुल्हारे, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहें।

# दुष्कर्म के आरोपियों को फांसी की उठी मांग नगरवासियों ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

श्रीगंगा नगर राजस्थान में गत दिनों एक 13 वर्षीय नाबालिक के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों को फास्टगेट कोर्ट के तहत त्वरित फांसी की सजा एवं इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृति रोकने हेतु कानून संशोधन कर सख्त कानुन बनाने की मांग को लेकर शुक्रवार को नगरवासियों द्वारा एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि विगत दिनों राजस्थान राज्य के श्रीगंगानगर क्षेत्र में एक तेरह वर्षीय नाबालिग के साथ प्रताड़ति करते हुए 32 लोगो द्वारा अमानवीय कृत्य किया गया(

जिसके उपरांत बालिका की मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद समस्त भारत वर्ष में रोष व्याप्त है। वही मांग की गई कि सभी 32 आरोपियों को ना सिर्फ सरेआम फांसी की सजा दि जाए साथ ही इस प्रकार की घटनाओ को रोकने के लिए कानुन संसोधन कर कठोर दंड प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए जिससे इस प्रकार की मानसिकता रखने वाले



अपराधियों में कानुन के प्रति भय एवं खोफ पैदा किया जा सके व आम जनता का कानुन पर विश्वास बरकरार रह सके। ज्ञापन सौंपने वालो मे मुख्य रूप से संत तरूण मुरारी बापु, देवकरण पहलवान, श्रीराम श्रीवादी, मनीष डोंगरे, रूपेश राठौर, पवन सुराणा, भुरू नारायण मुकाती, गुरूचरण परमार, आनंद गोस्वामी, दिपक सोनी मारूती, आदित्य जोशी, अखलेश पण्डया, सतीश सोनानिया, गोपाल पांचाल, अरबिंद भाटी, दिपक राठौर, राजु राठौर, बिरबल उमठ, अक्षय, पियुष, नन्दन, अनमोल, सक्षम, क्रिश सहित बडी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### इलाज के दौरान बालक की मौत, जहरीला पदार्थ खाया

**हरदा।** जिले के सिराली थाना क्षेत्र के ग्राम कोथमी में दस वर्षीय एक बालक की शुक्रवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बालक ने कथित तौर पर बुखार की दवा समझकर चूहामार दवा का सेवन कर लिया था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम कोथमी निवासी अनारसिंह कलम ने बताया कि उनके छह बच्चों में से चौथे नंबर के बेटे विकास कलम को दो दिनों से बुखार था। गुरुवार सुबह विकास ने बुखार की दवा समझकर चूहामार दवा खा ली। दवा खाने के बाद उसे उल्टियां होने लगीं, जिसके बाद उसे सिराली अस्पताल ले जाया गया। वहां से उसे हरदा जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां शुक्रवार शाम करीब 4 बजे उसकी मौत हो गई। अनारसिंह ने बताया कि उनके तीन बेटियां और तीन बेटे हैं। मृतक की मां ने जानकारी दी कि जब वह और उनके पति खेत में मक्का लगा रहे थे, तब उनकी बड़ी बेटी दुर्गा ने आकर विकास की तबीयत बिगड़ने की सूचना दी। घर जाकर पूछने पर विकास ने बताया कि उसने गलती से चूहामार दवा खा ली थी। डॉक्टरों का कहना है कि बालक की मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल, शव को मर्चुरी में रखा गया है और शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा।

### बादल बरसे नहीं, दिनभर गर्मी और उमस रही

**हरदा।** जिले में शुक्रवार की तरह शनिवार को भी बादल छाए, लेकिन बरसे नहीं, दिनभर गर्मी और उमस का असर देखने को मिला। सुबह से लेकर शाम तक बादलों की लुकाछिपी जारी रही। बारिश नहीं होने से उमस बढ़ गई। मौसम में नमी अधिक रहने के कारण पसीना लगातार निकलता रहा और गर्मी का असर पूरे दिन बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान में करीब 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 32 डिग्री दर्ज किया गया, जो कि शुक्रवार 30 डिग्री था। वहीं रात का तापमान भी 25 डिग्री पर बरकरार है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि वातावरण में नमी अधिक होने के कारण उमस का असर बना हुआ है। यदि बारिश नहीं होती है तो अगले एक-दो दिनों तक गर्मी और उमस से राहत मिलने की संभावना कम है। हालांकि कहीं-कहीं बादल छाने और हल्की बारिश होने की संभावना बनी हुई है, जिससे तापमान में गिरावट आ सकती है। अधीक्षक भू अभिलेख के अनुसार तहसीलवार आंकड़ों के अनुसार हरदा में 418.1 मिमी, टिमरनी में 421.2 मिमी, खिरकिया में 438.4 मिमी, सिराली में 316.4 मिमी और रहटगांव में 339.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। वहीं पिछले साल 10 जुलाई तक जिले में औसतन 345.2 मिमी वर्षा दर्ज हुई थी, जबकि इस वर्ष 386.6 मिमी बारिश हो चुकी है।

### दो पक्षों के बीच मारपीट, मामला दर्ज

**हरदा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मानपुरा में शुक्रवार दोपहर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। रुपए के लेन-देन के विवाद में दोनों पक्षों की ओर से चाकू और धारदार हथियार चले। इसमें 3 लोग घायल हो गए। एक गंभीर घायल को इंदौर रेफर कर दिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर एक-दूसरे के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। अस्पताल में भर्ती घायल रज्जाक पहलवान ने बताया कि उनके बेटे शालिम का शेख राशिद से पैसों का लेन-देन है। इसी बात को लेकर शाहरुख, रेहान और राशिद ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। दो महीने पहले हुए एक विवाद के समझौते के लिए दूसरा पक्ष उन पर लगातार दबाव बना रहा था। इसी तरह दूसरे पक्ष की घायल महिला जुलेखा ने आरोप लगाया कि शालिम उनके बेटों को जान से मारने की धमकी दे रहा था। विरोध करने पर शालिम के परिवार ने धारदार हथियार से हमला किया। दूसरे घायल शेख राशिद ने बताया कि वह डेकोरेशन का काम करते हैं। शालिम उनसे हर काम के बदले रुपए की मांग करता है। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी आरएस तिवारी ने बताया कि विवाद सामाजिक विषय और पैसों के लेन-देन को लेकर हुआ है।

# हरदा का पौधरोपण मॉडल, एफपीओ महासंघ करेगा पायलट प्रोजेक्ट शुरू

## मॉडल का अध्ययन करने उत्तर प्रदेश एफपीओ महासंघ व विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि हरदा पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

किसानों की आय बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हरदा में विकसित पौधारोपण मॉडल अब उत्तर प्रदेश तक पहुंच गया है। वरिष्ठ पर्यावरणविद एवं प्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर मुकाती के नेतृत्व में रुपई एग्रिफॉरेस्ट द्वारा संचालित इस मॉडल का अध्ययन करने उत्तर प्रदेश एफपीओ महासंघ एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि हरदा पहुंचे। प्रतिनिधियों ने मॉडल को समझने के बाद उत्तर प्रदेश में इसका पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने की बात कही। उत्तर प्रदेश एफपीओ महासंघ एवं जया फाउंडेशन के प्रतिनिधि रजनीकांत तथा राजीव गांधी फाउंडेशन से रमेश मिश्रा रुपई कार्यालय पहुंचे। उन्होंने परियोजना के तहत किए जा रहे डेटा संग्रहण और फील्ड स्तर पर चल रहे कार्यों का अध्ययन किया तथा परियोजना की कार्यप्रणाली को विस्तार से समझा। प्रतिनिधियों ने कहा कि हरदा मॉडल को उत्तर प्रदेश में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभ करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। पर्यावरणविद गौरीशंकर मुकाती ने बताया कि शीघ्र ही



देशभर में कार्य कर रहे किसान संगठनों के प्रतिनिधियों का एक बड़ा सम्मेलन हरदा में आयोजित करने की योजना है। सम्मेलन में पर्यावरण विशेषज्ञों के साथ विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि और शासकीय नीति निर्धारकों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में कार्बन संचय और पौधारोपण की दिशा में मुख्य रूप से निजी कंपनियां कार्य कर रही हैं। शासन की भी कार्बन संचय को लेकर नीतियां हैं, लेकिन किसानों को व्यापक स्तर पर लाभ पहुंचाने के लिए इनमें और संशोधन तथा विस्तार की आवश्यकता है।

मुकाती ने बताया कि प्रस्तावित सम्मेलन में विशेषज्ञों और किसान संगठनों के सुझावों के आधार पर एक ब्लू प्रिंट तैयार किया जाएगा। इसे शासन को भेजकर पौधारोपण एवं कार्बन संचय से जुड़ी योजनाओं को किसानों के हित में अधिक प्रभावी बनाने की मांग की जाएगी।

## रिट याचिका रद्द, कोर्ट ने कहा ब्रिज शुरू होने के बाद दिक्कत हो तो 60 दिन में फैसला लें कलेक्टर

# हाउसिंग बोर्ड कॉलोनीवासियों को बड़ा झटका, हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका, सर्विस रोड खुलवाने से इनकार

दूसरी तरफ अधूरा आरओबी बहा रहा राहगीरों का खून, कीचड़ और लापरवाही के कारण सात दिन में कई लोग हुए घायल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पुराने इंदौर-भोपाल हाईवे हाऊसिंग कालोनी में बन रहे रेलवे ओवरब्रिज और सर्विस रोड के निर्माण में प्रशासनिक मनमानी के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रहे हाउसिंग बोर्ड सहित आसपास की कॉलोनियों के रहवासियों को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर पीठ से बड़ा झटका लगा है। न्यायाधीश प्रदीप मित्तल ने वरिष्ठ नागरिक मंच, पंडित दीनदयाल नगर हाउसिंग बोर्ड सीहोर द्वारा दायर जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने फिलहाल सर्विस रोड को ब्रिज से जोडऩे या खुलवाने का आदेश देने से साफ मना कर दिया है। हालांकि कोर्ट ने भविष्य के लिए कालोनीवासियों को कलेक्टर के पास जाने का एक रास्ता जरूर दिया है।

याचिकाकर्ता का आरोप था कि आरओबी निर्माण के दौरान मुख्य सडक़ को स्थाई रूप से बंद कर दिया गया, जिससे हजारों निवासियों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को संकरे व लंबे रास्तों से गुजरना पड़ रहा है, जो जनहित के खिलाफ है। इस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि हम इंजीनियरिंग या तकनीकी विशेषज्ञ



फाइल फोटो

नहीं हैं। रिकॉर्ड पर मौजूद तस्वीरों से किसी अवैधता या फंड के दुरुपयोग का सबूत नहीं मिलता। सरकार के इस पक्ष को कोर्ट ने सही माना कि यदि सर्विस रोड को दोनों तरफ ब्रिज से जोड़ा गया तो हादसे का खतरा बढ़ जाएगा। कोर्ट ने प्रशासन के इस फैसले को तर्कसंगत माना।

### कलेक्टर को दिए निर्देश, 60 दिन में करना होगा फैसला

याचिका खारिज करने के साथ ही कोर्ट ने पीड़ितों को राहत का एक रास्ता भी दिया है। कोर्ट ने अपने आदेश में साफ कहा है कि ब्रिज पूरी तरह चालू होने के बाद यदि स्थानीय निवासियों को सर्विस रोड के कारण वास्तविक परेशानी होती है तो वे जिला कलेक्टर के समक्ष विस्तृत आवेदन देने के लिए स्वतंत्र हैं। कलेक्टर को निर्देश दिए गए हैं कि ऐसा आवेदन मिलने पर वे पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर से सलाह लें, दोनों पक्षों को सुनें और 60 दिन के भीतर कानून के अनुसार तर्कसंगत आदेश पारित करें। यदि लोग उस आदेश से संतुष्ट नहीं होंगे, तो आगे कानूनी रास्ता अपना सकते हैं।

### सुविधा कम, मुसीबत का सबब ज्यादा बना आरओबी

हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के बीच जमीनी हकीकत यह है कि यह निर्माणाधीन ओवरब्रिज अब आम जनता के लिए मुसीबत भरा साबित हो रहा है। कछुआ चाल से चल रहे निर्माण और ठेकेदार की घोर लापरवाही के कारण यहां आए दिन राहगीर लहूलुहान हो रहे हैं। ओवरब्रिज के आसपास सर्विस रोड नहीं बनाए जाने के कारण पूरी सडक़ पर कीचड़ का साम्राज्य फैला हुआ है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर प्रशासन और निर्माण एजेंसी कितनों का खून बहने के बाद जागेगी।

### सात दिन में कई लोग हुए घायल, बुजुर्ग अस्पताल पहुंचे





लापरवाही का आलम यह है कि हफ्ते भर पहले ही एक बाइक सवार व्यक्ति यहां कीचड़ में बुरी तरह फिसलकर गिर गया था, जिसके चेहरे से काफी खून बहा था। इस हादसे के बाद भी निर्माण एजेंसी ने सुध नहीं ली, जिसका नतीजा यह हुआ कि गुरुवार को एक और बुजुर्ग यहां अनियंत्रित होकर गिर पड़े और गंभीर रूप से चोटिल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने किसी तरह उन्हें उठाया और तुरंत अस्पताल पहुंचाया। स्कूली बच्चे और आम राहगीर यहां रोज गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

## पीआईसी की बैठक में शहर विकास व निर्माण से जुड़े 59 मुद्दों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

नगरपालिका की प्रेसिडेंट इन काउंसिल (पीआईसी) की बैठक शुक्रवार को हुई। इसमें शहर विकास व निर्माण से जुड़े 59 से अधिक मुद्दों पर चर्चा हुई। बिजली बिल की बचत के लिए नपा स्ट्रीट लाइट बंद करने के लिए टाइमर लगाएगी। इसके मंजूरी दी गई। इसी तरह नियमित व विनियमित कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने पर भी सहमति जताई। बैठक की अध्यक्षता नपाध्यक्ष भारती कमेडिया ने की। बैठक में मुख्य रूप से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के टेंडरों को स्वीकृति दी। इनमें शहर के वार्ड 2, 5, 16, 17, 25, 27, 32, 33, 34 और 35 सहित विभिन्न क्षेत्रों में सीमेंट कंक्रीट रोड निर्माण, नाली निर्माण का निर्णय लिया। इसी तरह शहर के वार्ड क्रमांक 16 में पानी की टंकी के पास पार्किंग स्थल का विकास और पेवर ब्लॉक फिक्सिंग जैसे काम शामिल हैं। साथ ही अमृत 2.0 योजना के तहत ग्रीन स्पेस पार्क डेवलपमेंट कार्य की समयावधि बढ़ाने और जल प्रदाय व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए उपकरणों की खरीदी पर भी सहमति दी गई। इस दौरान बैठक में फायर ब्रिगेड, स्ट्रीट लाइट रखरखाव और सफाई कर्मियों से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। बैठक में सीएमओ रोशन बाथम सहित पीआईसी के सदस्य मौजूद थे। नपा का साधारण सम्मेलन अब 17 जुलाई को 4 बजे से होगा। पहले सम्मेलन 24 जून को आयोजित होना था।

## मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने उप स्वास्थ्य केंद्र लोधीढाना के साथ बोरी का भी निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच. पी. सिंह ने शनिवार को उप स्वास्थ्य केन्द्र लोधीढाना एवं बोरी का निरीक्षण किया। निरिक्षण के दौरान उपस्वास्थ्य केन्द्र के रिकॉर्ड का सत्यापन किया गया।

उन्होने विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की एवं सभी कार्यक्रमों को गंभीरता से शतप्रतिशत लक्ष्य अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ योग्य हितग्राहियों को अनिवार्य रूप से दिलवाने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जिला एमएनडी अधिकारी मनीष शकरगाय, बीसीएम मुकेश बटाने, स्वास्थ्य केन्द्र की स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित थी।



## दो अलग अलग घटनाओं में 2 की मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में शनिवार को दो अलग-अलग घटनाओं में एक बुजुर्ग और एक 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। एक बुजुर्ग ने बीमारी से परेशान होकर फांसी लगा ली, जबकि युवक ने सल्फॉस का सेवन कर अपनी जान दे दी। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम छिड़गांव निवासी 68 वर्षीय गजानंद पिता चंपालाल ने शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात अपने घर में फांसी लगा ली। सुबह करीब चार बजे परिजनों ने उन्हें फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने बताया कि मृतक कई दिनों से बीमारी से परेशान थे, ऐसी आशंका है कि बीमारी से परेशान होकर ही उन्होंने यह कदम उठाया होगा। दूसरी घटना में, खंडवा जिले के छनेरा निवासी 18 वर्षीय पवन पिता गोकुल कोरकू ने शुक्रवार शाम मजदूरी से लौटते समय चारुवा और हेमागांव के बीच सल्फॉस का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल खिरकिया अस्पताल ले गए, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दोनों शवों का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। बताया जा रहा है कि पवन अपने दो भाइयों में छोटा था।

## महाकुंभ कांवड़ यात्रा की तैयारियां शुरू, आगामी दिनों में होगी बैठक

# जो व्यक्ति सच्चे मन से महादेव पर विश्वास करता है, भगवान उसका साथ देते: प्रदीप मिश्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

संसार के लोगों पर किया गया विश्वास कभी भी टूट सकता है, लेकिन भगवान शिव पर किया गया भरोसा कभी नहीं टूटता। जो व्यक्ति सच्चे मन से महादेव पर विश्वास करता है, भगवान शिव हर परिस्थिति में उसका साथ देते हैं और उसके जीवन का कल्याण करते हैं। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की ऑनलाइन शिव महापुराण कथा का सीधा प्रसारण देश-विदेश में श्रद्धालु श्रद्धापूर्वक देख एवं सुन रहे हैं। कथा के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं को भगवान शिव पर अटूट विश्वास रखने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि मनुष्य को जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ता है। ऐसे समय में यदि व्यक्ति भगवान शिव की शरण में रहे और उन पर पूर्ण विश्वास रखे, तो उसे धैर्य, आत्मबल और सही मार्गदर्शन प्राप्त होता है। भगवान शिव अपने भक्तों को कभी निराश नहीं करते। पंडित श्री मिश्रा ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि अपने घरों में टेलीविजन, मोबाइल, इंटरनेट एवं अन्य डिजिटल माध्यमों से ऑनलाइन शिव महापुराण कथा का श्रवण करें। उन्होंने कहा कि श्रद्धा और भाव के साथ घर बैठे कथा सुनने से भी आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होता है। धाम करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का मुख्य केन्द्र होने के कारण नियमित रुप से हजारों की संख्या में श्रद्धालु धाम पर आते है। इनके निशुल्क भोजन-प्रसादी, पेयजल और शौचालय आदि की व्यवस्था विठलेश सेवा समिति के द्वारा की जा रही है। मंदिर परिसर में शुक्रवार को भी करीब 30 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे। जिनके भोजन प्रसादी की व्यवस्था पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य ने की। मावे की तीन क्विंटल बर्फी का भोग लगाकर भोजन-प्रसादी का वितरण किया गया।

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि कुबेरेश्वरधाम में कांवड़ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। तैयारियों के बीच पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बनना शुरू हो गया है और शिवभक्त यात्रा के शुभारंभ का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हर-हर महादेव के जयघोष के साथ इस वर्ष भी कांवड़ यात्रा आस्था का भव्य संगम बनने जा रही है। श्रावण मास के पावन अवसर पर एक महीने का कांवड मेला आयोजित किया जाएगा। इसमें तीन अगस्त प्रथम सोमवार को समिति, 10 अगस्त को मध्यप्रदेश इंफ्लुएंसर द्वारा कांवड यात्रा, 17 अगस्त को कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा के सानिध्य में और 25 अगस्त को भव्य कांवड यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कांवड़ यात्रियों के लिए मार्ग में पेयजल, विश्राम, चिकित्सा सहायता, सुरक्षा एवं प्रसादी वितरण की विशेष व्यवस्था की जा रही है। साथ ही कुबेरेश्वरधाम परिसर को आकर्षक सजावट एवं विद्युत रोशनी से सजाया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग, यातायात एवं आवागमन की व्यवस्थाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### 11 किलोमीटर की भव्य कांवड़ यात्रा

जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम में आयोजित होने वाली विशाल कांवड़ यात्रा की रूपरेखा तैयार कर ली गई है, जिसमें पूरे सावन के दौरान शिवभक्तों के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। आगामी दिनों में इस संबंध में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में प्रशासन, विठलेश सेवा समिति, स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा क्षेत्रवासियों की बैठक का आयोजन किया जाना है। कांवड़ यात्रा आगामी 30 जुलाई से शहर के सीवन नदी के तट से आरंभ हो जाएगी और पूरे सावन मास में निरंतर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पैदल 11 किलोमीटर का सफर तय कर धाम पर पहुंचकर विशेष पूजा अर्चना करेंगे। इस वर्ष तीन अगस्त प्रथम सोमवार को समिति, 10 अगस्त को मध्यप्रदेश इंफ्लुएंसर द्वारा कांवड यात्रा, 17 अगस्त को कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा के सानिध्य में और 25 अगस्त को भव्य कांवड यात्रा का आयोजन किया जाएगा। हर सोमवार को भव्य रूप से कांवड यात्रा का आयोजन के विशेष इंतजाम किए जा रहे है।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर जन जागरूकता रैली संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर हरदा जिले में परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिको को परिवार नियोजन, स्वास्थ्य सेवाओ और सीमित परिवार के लाभो के प्रति जागरूक करना है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच पी सिंह ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस अभियान 11 जुलाई से प्रारंभ होकर 18 जुलाई 2026 तक संचालित किया जावेगा। विश्व जनसंख्या अभियान को सफल बनाने में एएनएम और आशा कार्यकर्ताओ की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होने कार्यकर्ताओ को घर घर जाकर योग्य दंपत्तियो से संपर्क करने, उन्हे परिवार नियोजन के साधनो के प्रति जागरूक करने और सीमित परिवार के लाभो के बारे में जानकारी देने के निर्देश भी दिये।

उन्होने कहा कि शहरी क्षेत्रो के झुग्गी-झोपडियो और सघन बस्तीयो पर विशेष ध्यान दिया जावे ताकि कोई भी पात्र हितग्राही जानकारी एवं सुविधाओ से वंचित न रहे। रैली में परिवार कल्याण अधिकारी डॉ.शैलजा महाजन, डॉ.जे.के.चौरे, सहायक कार्यक्रम प्रबंधक श्री मदनमोहन मालवीय शहरी क्षेत्र की स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।